Title: Need for doubling of the railway line between Udhana and Bhusawal, Gujarat

श्री मान सिंह पटेल (मांडवी): अध्यक्ष महोदय, उधना भुसावल रेल लाइन एकहरी लाइन है और इस लाइन में काफी यातायात हो सकता है। यह लाइन आदिवासी और अति पिछड़े इलाके में है। इस इलाके के लोगों की जमीन कई परियोजनाओं में चली गई है जिसके कारण इन लोगों को अपनी रोज़ी-रोटी के लिये सूरत और बारडोली जाना पड़ता है किन्तु सुबह और शाम को इस इलाके में कोई रेल सेवा नहीं है जिसके कारण लोगों को कई असुविधा का सामना करना पड़ता है। आदिवासी क्षेत्र होने के कारण यातायात के कोई अन्य साधन नहीं हैं।

मैं सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि उधना और भुसावल के बीच एकहरी लाइन को दोहरी लाइन किया जाये और इस मार्ग पर ई.एम.यू. रेल सेवा तुरन्त दी जाये। जब तक यह व्यवस्था नहीं हो जाती है तब तक अस्थाई रूप से कोई रेल सेवा तत्काल चलाई जाये।